आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–12 जून 2024 **सान्ध्य समाचार**

देश में नवगठित 1 8वीं लोकसभा का पहला सत्र चौबीस जून से शुरू होगा। इस सत्र में नवनिर्वाचित सदस्यों की शपथ, अध्यक्ष का चुनाव, राष्ट्रपति का अभिभाषण पर चर्चा होगी। जबकि राज्यसभा के 264वें सत्र की शुरुआत 27 जून को होगी। यह संसद सत्र अगले महीने यानी 3 जुलाई को समाप्त होगा। केंद्रीय संसदीय मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा है देश की जनता निर्णय ले चुकी है और अब देश की सेवा के लिए कार्य करना हमारा कर्तव्य है। श्री रिजिजू ने कहा कि 140 करोड़ भारतीयों की आकांक्षाओं को पूरा करने की चर्चा के लिए संसद एक आदर्श मंच है।

****

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने नीट (यूजी) परीक्षा 2024 के परिणाम की घोषणा के बाद अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों की एक प्रश्नावली जारी की है। इस महीने की 4 तारीख को घोषित किए गए नीट परिणामों में कथित विसंगतियों के मद्देनजर यह प्रश्नावली जारी की गई है। परीक्षार्थियों को समय की हानि के लिए कृपांक देने में शिकायत निवारण समिति की भूमिका पर एजेंसी ने कहा कि एक समिति का गठन किया गया था और समिति ने तथ्यात्मक रिपोर्टों के आधार पर शिकायतों पर विचार किया। कोई भी परीक्षार्थी परीक्षा में 718 और 719 अंक कैसे प्राप्त कर सकता है? इस प्रश्न के उत्तर में एजेंसी ने स्पष्ट किया कि कृपांकों के कारण दो परीक्षार्थियों को 718 और 719 अंक प्राप्त हुए। एजेंसी ने यह भी स्पष्ट किया कि केवल 1563 परीक्षार्थियों को ही उनके समय की हानि की भरपाई के लिए कृपांक दिए गए। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने नीट परीक्षा में 1500 से अधिक परीक्षार्थियों को दिए गए कृपांक की समीक्षा के लिए चार सदस्यीय पैनल का गठन किया था।

****

राज्यपाल आनंदी बेन पटेल आज शाहजहांपुर के दौरे पर पहुचीं। उन्होंने सबसे पहले हनुमत धाम पर बजरंगबली का दर्शन पूजन किया। इसके बाद सफाई नायकों के लिए आयोजित सम्मान समारोह में शामिल हुई। कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल ने सफाई नायकों का हौसला बढ़ाया। इस अवसर पर भाजपा पदाधिकारियों समेत तमाम कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। यहां से राज्यपाल बरतारा स्थित विनोबा आश्रम गईं। जहां आश्रम की लाइब्रेरी का शुभारंभ किया। राज्यपाल के आगमन को लेकर सुरक्षा व्यवस्था के चाक चौबंद इंतजाम किए गए थे।

****

एक जुलाई से तीन नये कानून लागू हो जायेंगे। भारतीय दण्ड संहिता–आईपीसी की जगह अब भारतीय न्याय संहिता बीएनएस लेगी। भारतीय दण्ड प्रक्रिया संहिता सीआरपीसी की जगह भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता–बीएनएसएस और इण्डियन एविडेंस एक्ट–आईईए की जगह भारतीय साक्ष्य अधिनियम लेगा। नये कानून के लागू होने के बाद जो धारायें अपराध की पहचान बन चुकी थीं, उनमें भी बदलाव होगा। जैसे हत्या के लिये लगायी जाने वाली आईपीसी की धारा तीन सौ दो अब एक सौ एक कहलायेगी। ठगी के लिये लगायी जाने वाली धारा चार सौ बीस अब धारा तीन सौ सोलह होगी। हत्या के प्रयास के लिये लगायी जाने वाली धारा तीन सौ सात अब धारा एक सौ नौ कहलायेगी, वहीं दुष्कर्म के लिये लगाये जाने वाली धारा तीन सौ छिहत्तर अब धारा तिरसठ होगी।

****

प्रदेश में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप जारी है, जिस वजह से आम लोगों का जीवन अस्त–व्यस्त हो गया है। इस बीच मौसम विभाग ने विभिन्न जनपदों में अगले तीन से चार दिनों के लिये अलर्ट जारी किया है।

लखनऊ के मौसम वैज्ञानिक मोहम्मद दानिश ने बताया कि प्रदेश में लू और भीषण गर्मी से दिन के साथ साथ रात में भी राहत मिलने के आसार नहीं है। इस वक्त रात में बीस से तीस किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से पछूआ हवाएं चल रही हैं जो तापमान को गिरने नहीं दे रही हैं। उधर, बीते चौबीस घंटे में प्रयागराज में सर्वाधिक छियालीस दशमलव चार डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया है। वहीं वाराणसी में पैंतालीस दशमलव चार डिग्री सेल्सियस, लखनऊ में चौवालीस दशमलव दो डिग्री सेल्सियस, बहराइच में तिरालिस दशमलव आठ और गोरखपुर में बयालीस डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया है। इसके साथ ही कई जिलों में न्यूनतम तापमान में भी बढ़ोत्तरी पायी गयी है।

****

हरदोई जिले के मल्लावा इलाके में आज एक बालू से लदा ट्रक अनियंत्रित होकर झोपड़ी पर पलट गया, जिससे एक ही परिवार के चार बच्चों समेत कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों एवं जेसीबी मशीन की मदद से ट्रक और बालू को हटाकर घायलों को अस्पताल पहुंचाया। जहां, डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उधर, जनपद गोरखपुर के गोरखनाथ स्थित रामपुर नए गांव में आग लगने की वजह से एक परिवार की दो बच्चियों ने झुलस कर दम तोड़ दिया। जबकि नौ से अधिक लोग झुलस गए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दोनों घटनाओं पर दुख जताया है और अधिकारियों को पीड़ित परिवार की हरसंभव मदद करने के निर्देश दिए हैं।

****